email: cfbhagi-forest-uk@nic.in
फोन/फैक्स–0135–2431159,

कार्यालय वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती।

पत्रांक – 1141/12-1 मुनिकीरेती, दिनांक 03/12/2021,।

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोड़ल अधिकारी
वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– **जनपद–टिहरी गढवाल के विकास खण्ड–भिलंगना में मूलगढ–ठेला–गण्डराखाल मोटर मार्ग का भेलगढ से पाण्डवगांव तक विस्तार कार्य के निर्माण हेतु 4.447 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में। (FP/UK/ROAD/49512/2020).**

सन्दर्भः– प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी का पत्रांक–1330/12–1, दिनांक–29.11.2021।

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित प्रस्ताव पर भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक–8बी/यू0सी0पी0/06/69/2021/एफ0सी0/608, दिनांक–25.08.2021 द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी द्वारा उपरोक्त संदर्भित से इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत निराकरण आख्या स्वीकृति हेतु निम्नानुसार अग्रसारित की जाती है :–

आपत्ति–उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के पत्र द्वारा अवगत कराया गया है, कि सी0ए0 क्षेत्र के डी0एस0एस0 विश्लेषण के अनुसार 3.00 है0 क्षेत्र एम0डी0एफ0 में पाया गया है, जिस हेतु 3.00 है0 अतिरिक्ति क्षेत्र सी0ए0 हेतु प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आदेश संख्या–एफ.न. 11–423/2011–एफ0सी0, दिनांक–08–11–2017 के प्राविधानों में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध भूमि में वनक्षेत्र अधिक होने से अवनत वन भूमि (Degraded Forest) में उपलब्ध भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करायी जा सकती है।

निराकरण–प्रयोक्त अभिकरण द्वारा उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा लगाई गई आपत्ति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है, कि प्रस्तावित सी0ए0 क्षेत्र के डी0एस0एस0 विश्लेषण के अनुसार 3.00 हे0 क्षेत्र एम0डी0एफ0 में पाया गया है, जिस हेतु 3.00 हे0 अतिरिक्त क्षेत्र सी0ए0 हेतु प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसके क्रम में कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी, भिलंगना राजि घनसाली के पत्र संख्या–223/12–1, घनसाली, दिनांक–23–10–2021 को स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त 3.00 हे0 अतिरिक्त सी0ए0 भूमि हेतु आरक्षित वन थार्ती बीट के अन्तर्गत मल्याकोट, कक्ष संख्या–4बी0 में ओक वृक्षारोपण हेतु स्थल का चयन किया गया है, जिसकी जी0पी0एस0 लोकेशन N-30°21'25.9'' , E-78°46'54.4'' तथा ऊँचाई 1979 मीटर है। उक्त आपत्ति के निराकरण हेतु उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग का क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अतिरिक्त 3.00 हे0 भूमि का चयनित स्थल का टोपो शीट मैप, जियो रिफरेन्स मैप 4 प्रतियों में सलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय
(डॉ0 धीरज पाण्डेय)
वन संरक्षक

संख्या – 1141/ , उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि – प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ0 धीरज पाण्डेय)
वन संरक्षक

Scanned with CamScanner